Adda247 GET IT ON Google Play

# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 19/02/2025 |
| Exam Time | 3:00 PM - 4:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** यदि शब्द IDENTITY के प्रत्येक अक्षर को व्युत्क्रमित अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
- ✔ 1. दो
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. तीन

**Q.2** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

RQP, LKJ, FED, ? , TSR

**Ans**
- ✗ 1. YXZ
- ✔ 2. ZYX
- ✗ 3. XYZ
- ✗ 4. ABC

**Q.3** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पैंट, ट्राउजर हैं।
कोई भी पैंट, शर्ट नहीं है।
सभी शर्ट, कोट हैं।

निष्कर्ष:
(I): कोई भी कोट, ट्राउजर नहीं है।
(II): कुछ कोट, पैंट हैं।

**Ans**
- ✗ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✔ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

**Q.4** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। G, B के ठीक बाईं ओर बैठा है। E, G के ठीक बाईं ओर बैठा है। C, E के ठीक बाईं ओर बैठा है। F, D के ठीक दाईं ओर तथा A के ठीक बाईं ओर बैठा है। D, B के ठीक दाईं ओर बैठा है। C के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✗ 1. F
- ✔ 2. A
- ✗ 3. E
- ✗ 4. B

**Q.5** OQUT अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से QSWV से संबंधित है। IKON ठीक उसी प्रकार KMQP से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, ZBFE दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✔ 1. BDHG
- ✗ 2. BCGG
- ✗ 3. BDGG
- ✗ 4. BEGP


Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
INDIAN RAILWAYS
ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.6** एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'C - D x E ÷ F + G' है, तो F का C से क्या संबंध है?

**Ans**
✔ 1. पति का पिता
✘ 2. पुत्री की पुत्री
✘ 3. भाई का पुत्र
✘ 4. माता का पिता


**Q.7** नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दी गई हैं। संख्या 2 वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या है?






**Ans**
✘ 1. 4
✘ 2. 1
✘ 3. 3
✔ 4. 6


**Q.8** उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।

जूता, जैकेट, धनुष


**Ans**
✘ 1. 

✘ 2. 

✔ 3. 


✘ 4. 

**Q.9** एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




**Ans**


✗ 1.




✗ 2.



✓ 3.



✗ 4.



**Q.10** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'do the math' को 'ab cd ef' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'math is fun' को 'ef gh ij' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'math' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

**Ans**

✗ 1. gh

✗ 2. ab

✓ 3. ef

✗ 4. cd

Q.11 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से PQTU का संबंध LMPQ से है। उसी तरीके से EHLN का संबंध ADHJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से FMRW का संबंध किससे है?

Ans
1. JQVA
2. DKPU
3. CHMR
4. BINS ✓

Q.12 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

410 408 404 398 ? 380

Ans
1. 386
2. 390 ✓
3. 392
4. 388

Q.13 G, H, I, J, K, L और M एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
M के दाईं ओर से गिनने पर M और L के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। L और I के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। M और H के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। K और I के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J और H के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है।
G के ठीक दाईं ओर और ठीक बाईं ओर क्रमशः कौन-कौन बैठा है?

Ans
1. I और M
2. H और M
3. M और H ✓
4. M और I

Q.14 उस विकल्प का चयन कीजिए, जो उन अक्षरों का निरूपण करता है, जिसे नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से बाएँ से दाएँ रखे जाने पर अक्षर श्रृंखला को पूरा करेगा।
_ _ L M _ G _ L _ D _ P L _

Ans
1. GPDPMGM ✓
2. MGGDPPM
3. PMGDPDM
4. DPNPDMG


Q.15 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
11, 19, 27, 35, 43, ?

Ans
1. 50
2. 53
3. 51 ✓
4. 52


Adda247


Adda247
GET IT ON Google Play


Q.16 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर तार्किक रूप से श्रृंखला पूर्ण हो जाएगी।




Ans

✔ 1. 

✘ 2. 

✘ 3. 


✘ 4. 

Q.17 किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘DENS’ को ‘8976’ के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और ‘SENT’ को ‘6739’ के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में ‘T’ के लिए कूट क्या होगा?

Ans

✘ 1. 7

✘ 2. 9

✔ 3. 3

✘ 4. 6

Q.18 यदि ‘÷’ और ‘×’ को परस्पर बदल दिया जाए तथा ‘+’ और ‘−’ को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न ‘(?)’ के स्थान पर क्या आएगा?

69 − 2 ÷ 7 + 35 × 7 = ?

Ans

✔ 1. 78


✘ 2. 77

✘ 3. 79


✘ 4. 80


Adda247
GET IT ON Google Play


Q.19 जब दर्पण को नीचे दर्शाए गए अनुसार MN पर रखा जाता है तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।





Ans

✔ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans

✔ 1. ONL

✗ 2. LMJ

✗ 3. FGD

✗ 4. EFC

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.1 दुर्बलमंडल (एस्थेनोस्फीयर), पृथ्वी के किस भाग के नीचे एक यांत्रिक रूप से कमजोर परत है? इसकी विशेषता निम्न भूकंपीय तरंग वेग और उच्च क्षीणन (attenuation) है।

Ans
- ✗ 1. बहिर्मंडल
- ✗ 2. क्षोभमंडल
- ✗ 3. आयनमंडल
- ✓ 4. स्थलमंडल

Q.2 कथक नर्तक बिरजू महाराज को भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण से किस वर्ष सम्मानित किया गया?

Ans
- ✗ 1. 1971
- ✗ 2. 1976
- ✗ 3. 1996
- ✓ 4. 1986

Q.3 गरीब कल्याण रोजगार अभियान 2020 में किसके द्वारा शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. RBI के गवर्नर
- ✗ 2. भारत के गृहमंत्री
- ✗ 3. भारत के वित्त मंत्री
- ✓ 4. भारत के प्रधान मंत्री

Q.4 उस गायिका का नाम बताइए, जो वर्ष 2012 में रिलीज हुए गीत 'इश्क वाला लव' की रिकॉर्डिंग के बाद प्रसिद्धि में आया?

Ans
- ✓ 1. नीति मोहन
- ✗ 2. सुनिधि चौहान
- ✗ 3. अलका याग्निक
- ✗ 4. जसलीन रॉयल

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित है?

Ans
- ✓ 1. मोहनजोदड़ो
- ✗ 2. अजंता
- ✗ 3. सांची
- ✗ 4. भीमबेटका

Q.6 हिमाचल प्रदेश के बीर गाँव (Bir village) ने 2015 में पहली बार किस खेल स्पर्धा की मेजबानी की थी?

Ans
- ✗ 1. एचएसबीसी (HSBC) वर्ल्ड रग्बी सेवन्स सीरीज
- ✓ 2. पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप
- ✗ 3. वर्ल्ड रोइंग चैंपियनशिप
- ✗ 4. जेट स्की वर्ल्ड कप

Q.7 नंदिकेश्वर द्वारा लिखित 'अभिनय दर्पण' __________ नृत्य में अंग संचालन (body movement) की तकनीक और व्याकरण के अध्ययन के लिए पाठ्य सामग्री के मुख्य स्रोतों में से एक है।

Ans
- ✓ 1. भरतनाट्यम
- ✗ 2. कथक
- ✗ 3. मणिपुरी
- ✗ 4. ओडिसी

Q.8 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, किस केंद्र शासित प्रदेश में जैन आबादी सबसे अधिक है?

Ans
- ✗ 1. पुदुचेरी
- ✓ 2. दिल्ली
- ✗ 3. लक्षद्वीप
- ✗ 4. दमन और दीव

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित में से किसे भारत में 'हरित क्रांति के जनक' के रूप में जाना जाता है? |
| Ans | ✔ 1. एमएस स्वामीनाथन<br>✗ 2. नॉर्मन बोरलॉग<br>✗ 3. जवाहरलाल नेहरू<br>✗ 4. वर्गीज कुरियन |

| | |
|---|---|
| Q.10 | भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद केंद्र-राज्य और अंतर्राज्यीय विवादों पर सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार का प्रावधान करता है? |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 135<br>✔ 2. अनुच्छेद 131<br>✗ 3. अनुच्छेद 134<br>✗ 4. अनुच्छेद 130 |

| | |
|---|---|
| Q.11 | निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?<br><br>केंद्रक - आनुवंशिक सूचना का भंडारण<br>राइबोसोम - प्रोटीन संश्लेषण<br>लाइसोसोम - आत्मघाती थैली<br>सूत्रकणिका- लिपिड चयापचय |
| Ans | ✗ 1. केंद्रक - आनुवंशिक सूचना का भंडारण<br>✗ 2. लाइसोसोम - आत्मघाती थैली<br>✗ 3. राइबोसोम - प्रोटीन संश्लेषण<br>✔ 4. सूत्रकणिका- लिपिड चयापचय |

| | |
|---|---|
| Q.12 | संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य निम्नलिखित में से किस अनुसूचित जनजाति को आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की सूची में जोड़ना है? |
| Ans | ✗ 1. रुखी (Rukhi)<br>✗ 2. लालबेगी (Lalbegi)<br>✔ 3. खोंड पोरजा (Khond Porja)<br>✗ 4. मलकाना (Malkana) |

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में 'परिवार नियोजन' की अवधारणा को एक महत्वपूर्ण उद्देश्य के रूप में पेश किया गया? |
| Ans | ✗ 1. सप्तम योजना<br>✗ 2. द्वितीय योजना<br>✗ 3. प्रथम योजना<br>✔ 4. चतुर्थ योजना |

| | |
|---|---|
| Q.14 | भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य को महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रावधान बनाने का अधिकार देता है? |
| Ans | ✔ 1. अनुच्छेद 15(3)<br>✗ 2. अनुच्छेद 21(5)<br>✗ 3. अनुच्छेद 19<br>✗ 4. अनुच्छेद 14 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | हिमाचल प्रदेश राज्य में मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव का स्थानीय नाम निम्नलिखित में से कौन-सा है? |
| Ans | ✗ 1. बस्तर दशहरा<br>✗ 2. मदिकेरी दशहरा<br>✔ 3. कुल्लू दशहरा<br>✗ 4. कोटा दशहरा |

Adda247

Q.16 लॉर्ड हार्डिंग की हत्या का प्रयास किस क्रांतिकारी नेता ने किया था?

Ans
- ✗ 1. भगत सिंह
- ✗ 2. चन्द्र शेखर आजाद
- ✓ 3. रासबिहारी बोस
- ✗ 4. खुदीराम बोस

Q.17 2023 तक किस टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सबसे अधिक बार जीती है?

Ans
- ✗ 1. पंजाब
- ✗ 2. झारखंड
- ✗ 3. विदर्भ
- ✓ 4. तमिलनाडु

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में सूक्ष्मवित्त संस्थानों (Microfinance institutions) का एक उद्देश्य नहीं है?

Ans
- ✗ 1. सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना
- ✗ 2. वित्तीय आत्म-निर्भरता प्राप्त करना
- ✗ 3. महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना
- ✓ 4. पारिवारिक आय में कमी लाना

Q.19 समूह 17 के किस तत्व को उसका नाम घुटन भरी गंध वाली पीली-हरी सघन गैस होने के कारण मिला है?

Ans
- ✗ 1. ऑर्गन (Argon)
- ✗ 2. क्रिप्टॉन (Krypton)
- ✗ 3. हीलियम (Helium)
- ✓ 4. क्लोरीन (Chlorine)

Q.20 सितंबर 2024 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री कौन हैं?

Ans
- ✗ 1. अमित शाह
- ✓ 2. एच.डी. कुमारस्वामी
- ✗ 3. मनोहर लाल खटटर
- ✗ 4. नितिन जयराम गडकरी

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-15) + (-4) × 9

Ans
- ✗ 1. -48
- ✗ 2. -52
- ✓ 3. -49
- ✗ 4. -51

Q.2 370 m और 330 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 90 km/h और 150 km/h की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
- ✓ 1. 0.7
- ✗ 2. 1.2
- ✗ 3. 2
- ✗ 4. 2.5

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | X एक कार्य को 20 दिन में, Y उसी कार्य को 30 दिन में और Z उसी कार्य को 36 दिन में कर सकता है। Y और Z कार्य शुरू करते हैं लेकिन 5 दिन बाद उन्हें कार्य छोड़ना पड़ता है। शेष कार्य को पूरा करने में X को कितने पूर्ण दिन लगेंगे? | |
| Ans | ✗ 1. 15<br>✗ 2. 12<br>✗ 3. 13<br>✓ 4. 14 | |
| Q.4 | वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर अमित ₹5400 की राशि का निवेश करता है और गोपाल ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 5 वर्ष के अंत में,गोपाल को अमित से ₹600 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✓ 1. 3<br>✗ 2. 2<br>✗ 3. 4<br>✗ 4. 5 | |
| Q.5 | गोविंद ने HDFC में 4% वार्षिक ब्याज दर पर कुछ धनराशि का निवेश किया। यदि 2 वर्षों के बाद, गोविंद को वार्षिक चक्रवृद्धि होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹280.5 प्राप्त होता है, तो संगत साधारण ब्याज (₹ में) क्या होगा? | |
| Ans | ✗ 1. 270<br>✗ 2. 290<br>✗ 3. 285<br>✓ 4. 275 | |
| Q.6 | एक कक्षा में प्रथम 12 विद्यार्थियों के औसत अंक 33 थे, और कक्षा के अगले 8 विद्यार्थियों के औसत अंक 45 थे। कक्षा के औसत अंक कितनें हैं? (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) | |
| Ans | ✗ 1. 45.6<br>✗ 2. 38.7<br>✓ 3. 37.8<br>✗ 4. 46.5 | |
| Q.7 | एक लंब वृत्तीय शंकु की त्रिज्या 3.5 cm और तिर्यक ऊँचाई 0.21 m है, इसका पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) | |
| Ans | ✓ 1. 231 $cm^2$<br>✗ 2. 221 $cm^2$<br>✗ 3. 251 $cm^2$<br>✗ 4. 241 $cm^2$ | |
| Q.8 | x, y के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती है। दिया गया है कि x = 6 होने पर y = 5 है, तो y = 4 होने पर x का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✗ 1. 9.925<br>✗ 2. 9.835<br>✓ 3. 9.375<br>✗ 4. 9.175 | |
| Q.9 | एक व्यक्ति 20 km/hr की चाल से सूरत से जयपुर जाता है तथा उसी मार्ग से 30 km/hr की चाल से सूरत वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✓ 1. 24<br>✗ 2. 19<br>✗ 3. 30<br>✗ 4. 26 | |

Adda247

**Q.10** वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 2340 और 1551 को भाग देने पर क्रमशः 40 और 33 शेषफल प्राप्त हो।

Ans
- ✗ 1. 48
- ✗ 2. 28
- ✓ 3. 46
- ✗ 4. 56

**Q.11** शान के पास ₹1218 हैं। उन्होंने इसे अपने पुत्रों पीयूष और मनोज के बीच बांट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 10% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि पीयूष और मनोज को क्रमशः 18 और 19 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। शान ने मनोज को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
- ✗ 1. 430
- ✓ 2. 580
- ✗ 3. 638
- ✗ 4. 738

**Q.12** मोहन, मोहम्मद और आशीष का औसत वज़न 45 kg है। यदि मोहन और मोहम्मद का औसत वज़न 43 kg है और मोहम्मद और आशीष का औसत वज़न 46 kg है, तो मोहम्मद का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 63
- ✓ 2. 43
- ✗ 3. 58
- ✗ 4. 53

**Q.13** किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹3,500 है। यदि विक्रय मूल्य ₹2,800 है, तो छूट प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ 1. 18.5%
- ✗ 2. 15%
- ✗ 3. 17.9%
- ✓ 4. 20%

**Q.14** मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-15) + (-4) × 7

Ans
- ✗ 1. -40
- ✗ 2. -43
- ✗ 3. -44
- ✓ 4. -41

**Q.15** ₹1250 प्रति सैकड़े की दर पर 400 नाशपाती खरीदे गए और ₹900 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन नाशपातियों का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
- ✗ 1. 167
- ✓ 2. 177
- ✗ 3. 187
- ✗ 4. 192

**Q.16** ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में 20%, 35% और 20% कम की गई है, लेकिन चौथे महीने में 50% वृद्धि की गई है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई है?

Ans
- ✗ 1. 36.35% की वृद्धि
- ✓ 2. 37.6% की कमी
- ✗ 3. 40.94% की कमी
- ✗ 4. 39.74% की वृद्धि

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.17 दो संख्याओं का अनुपात 16 : 23 है। यदि संख्याओं के बीच का अंतर 224 है, तो छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 412
✗ 2. 325
✗ 3. 425
✓ 4. 512

Q.18 चीनी के मूल्य में 22.5% की वृद्धि होती है। अनीता चीनी पर अपने व्यय को पहले जितना ही रखना चाहती हैं। उसे चीनी की खपत कितने प्रतिशत कम करनी चाहिए? (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित)

Ans
✗ 1. 18.80%
✗ 2. 19.24%
✗ 3. 17.12%
✓ 4. 18.37%

Q.19 एक व्यक्ति किसी वस्तु को ₹216 में बेचता है, जिससे उसे 12.5% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?

Ans
✗ 1. 189
✗ 2. 243
✓ 3. 192
✗ 4. 246

Q.20 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(49 \div 7) \times \left\{\frac{57}{3} + \frac{19}{7} \times (9 - 2)\right\}\right]$$

Ans
✗ 1. 276
✗ 2. 270
✗ 3. 259
✓ 4. 266

Section : **Part-D-English**

Q.1 **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**

**The constitutional lawyer argued persuasively and with surgical precision, dismantling the opposition's case piece by logic piece.**

Ans
✗ 1. The constitutional lawyer argued persuasively
✗ 2. dismantling the opposition's case
✗ 3. and with surgical precision,
✓ 4. piece by logic piece

Q.2 **Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.**

**“Camila helps her mother in cooking dinner, <u>isn't she</u>?” asked Veronica.**

Ans
✗ 1. hasn't she
✗ 2. don't she
✗ 3. wasn't she
✓ 4. doesn't she

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.3 Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence.

Her aesthetic sense and meticulos attention to detail conferred an unparalleled distinction to her work.

Ans
✗ 1. unparalleled
✗ 2. aesthetic
✓ 3. meticulos
✗ 4. conferred

Q.4 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans
✓ 1. prolifarate
✗ 2. prodigal
✗ 3. prolong
✗ 4. prolific

Q.5 Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.

Vichu spent ___________ time with his wife in Goa for about three days.

Ans
✗ 1. costly
✓ 2. quality
✗ 3. brave
✗ 4. wise

Q.6 Select the most appropriate synonym of the given word.

Grandeur

Ans
✗ 1. Reality
✗ 2. Integrity
✗ 3. Dominance
✓ 4. Magnificence

Adda247

Q.7 Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.
She said she would join us later, <u>but I don’t knew</u> if she will make it on time.

Ans
✗ 1. but I doesn’t know
✓ 2. but I don’t know
✗ 3. but I won’t be knowing
✗ 4. but I didn’t known

Q.8 Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an adverb-usage error.

Teacher Grace remarked, 'Quickly does he watch television'.

Ans
✗ 1. Teacher Grace
✗ 2. remarked,
✓ 3. 'Quickly does he
✗ 4. watch television'.

**Q.9** Select the most appropriate option to fill in the blank.

The organization _________ a major campaign to promote sustainable living last year.

**Ans**
1. launching ✗
2. launched ✓
3. launches ✗
4. launch ✗

**Q.10** Select the most appropriate option that can substitute the highlighted word segment in the given sentence. If the sentence is grammatically correct, select 'No correction'.

Neha is writing a letter when I called her.

**Ans**
1. No correction ✗
2. was writing ✓
3. writes ✗
4. is being written ✗

**Q.11** Select the most appropriate meaning of the given word.

Perplexed

**Ans**
1. Confused or puzzled ✓
2. Happy and relieved ✗
3. Calm and relaxed ✗
4. Confident and sure ✗

**Q.12** Select the most appropriate meaning of the given word.

Frugal

**Ans**
1. Extravagant and lavish ✗
2. Impulsive and reckless ✗
3. Dishonest and deceitful ✗
4. Careful with spending ✓

Adda247

**Q.13** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Hasten

**Ans**
1. Hold ✓
2. Encourage ✗
3. Urge ✗
4. Serious ✗

**Q.14** Select the most appropriate synonym of the word 'engrossing'to fill in the blank.

The historical novel was quite __________________, transporting readers to a bygone era.

**Ans**
1. musty ✗
2. malodorous ✗
3. involving ✓
4. rancid ✗

**Q.15** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**To burn the midnight oil**

**Ans**
- ✔ 1. To work late into the night
- ✗ 2. To waste time
- ✗ 3. To be energetic during the day
- ✗ 4. To sleep early

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The National Family Health Survey (NFHS) mentioned in its report how effectively India has used its newly created wealth to alter a dismal record of nutritional deprivation, ill-health and lost potential (1)_____ its citizens, particularly women and children. Given the steady growth in real per capita GDP since the 1980s, and the progress made since Independence in overcoming severe undernourishment, enlightened policy approaches could have brought about a giant leap from 1992-93, when the first NFHS was conducted, (2)_____ that no child or woman was left behind in the quest for health for all. Evidently, the Indian state has not viewed the situation as constituting a national crisis, even at the height of a prosperous phase of economic growth when a decade ago 39% of children under the age of five remained underweight. It comes as no surprise, therefore, that this failure to assume responsibility for child nutrition has left 34% of children in that age group underweight today. There is also a lot of evidence to show that the (3)_____ sections of India's children have low weight even at birth due to the general (4)_____ of women's nutrition and well-being. It is imperative that the coming data lead to the charting of a new policy course that makes (5)_____ to nutrition and health a right for all.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans**
- ✗ 1. from
- ✔ 2. among
- ✗ 3. by
- ✗ 4. to

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The National Family Health Survey (NFHS) mentioned in its report how effectively India has used its newly created wealth to alter a dismal record of nutritional deprivation, ill-health and lost potential (1)_____ its citizens, particularly women and children. Given the steady growth in real per capita GDP since the 1980s, and the progress made since Independence in overcoming severe undernourishment, enlightened policy approaches could have brought about a giant leap from 1992-93, when the first NFHS was conducted, (2)_____ that no child or woman was left behind in the quest for health for all. Evidently, the Indian state has not viewed the situation as constituting a national crisis, even at the height of a prosperous phase of economic growth when a decade ago 39% of children under the age of five remained underweight. It comes as no surprise, therefore, that this failure to assume responsibility for child nutrition has left 34% of children in that age group underweight today. There is also a lot of evidence to show that the (3)_____ sections of India's children have low weight even at birth due to the general (4)_____ of women's nutrition and well-being. It is imperative that the coming data lead to the charting of a new policy course that makes (5)_____ to nutrition and health a right for all.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans**
- ✗ 1. avoiding
- ✔ 2. ensuring
- ✗ 3. suggesting
- ✗ 4. searching

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The National Family Health Survey (NFHS) mentioned in its report how effectively India has used its newly created wealth to alter a dismal record of nutritional deprivation, ill-health and lost potential (1)_____ its citizens, particularly women and children. Given the steady growth in real per capita GDP since the 1980s, and the progress made since Independence in overcoming severe undernourishment, enlightened policy approaches could have brought about a giant leap from 1992-93, when the first NFHS was conducted, (2)_____ that no child or woman was left behind in the quest for health for all. Evidently, the Indian state has not viewed the situation as constituting a national crisis, even at the height of a prosperous phase of economic growth when a decade ago 39% of children under the age of five remained underweight. It comes as no surprise, therefore, that this failure to assume responsibility for child nutrition has left 34% of children in that age group underweight today. There is also a lot of evidence to show that the (3)_____ sections of India's children have low weight even at birth due to the general (4)_____ of women's nutrition and well-being. It is imperative that the coming data lead to the charting of a new policy course that makes (5)_____ to nutrition and health a right for all.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans**

✗ 1. benefitted

✗ 2. conjured

✓ 3. deprived

✗ 4. gifted

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The National Family Health Survey (NFHS) mentioned in its report how effectively India has used its newly created wealth to alter a dismal record of nutritional deprivation, ill-health and lost potential (1)_____ its citizens, particularly women and children. Given the steady growth in real per capita GDP since the 1980s, and the progress made since Independence in overcoming severe undernourishment, enlightened policy approaches could have brought about a giant leap from 1992-93, when the first NFHS was conducted, (2)_____ that no child or woman was left behind in the quest for health for all. Evidently, the Indian state has not viewed the situation as constituting a national crisis, even at the height of a prosperous phase of economic growth when a decade ago 39% of children under the age of five remained underweight. It comes as no surprise, therefore, that this failure to assume responsibility for child nutrition has left 34% of children in that age group underweight today. There is also a lot of evidence to show that the (3)_____ sections of India's children have low weight even at birth due to the general (4)_____ of women's nutrition and well-being. It is imperative that the coming data lead to the charting of a new policy course that makes (5)_____ to nutrition and health a right for all.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans**

✓ 1. neglect

✗ 2. accept

✗ 3. manage

✗ 4. approve

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

The National Family Health Survey (NFHS) mentioned in its report how effectively India has used its newly created wealth to alter a dismal record of nutritional deprivation, ill-health and lost potential (1)_____ its citizens, particularly women and children. Given the steady growth in real per capita GDP since the 1980s, and the progress made since Independence in overcoming severe undernourishment, enlightened policy approaches could have brought about a giant leap from 1992-93, when the first NFHS was conducted, (2)_____ that no child or woman was left behind in the quest for health for all. Evidently, the Indian state has not viewed the situation as constituting a national crisis, even at the height of a prosperous phase of economic growth when a decade ago 39% of children under the age of five remained underweight. It comes as no surprise, therefore, that this failure to assume responsibility for child nutrition has left 34% of children in that age group underweight today. There is also a lot of evidence to show that the (3)_____ sections of India's children have low weight even at birth due to the general (4)_____ of women's nutrition and well-being. It is imperative that the coming data lead to the charting of a new policy course that makes (5)_____ to nutrition and health a right for all.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans**

✗ 1. terminate

✗ 2. primary

✓ 3. access

✗ 4. required

Section : **Part-D-Hindi**

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.1** निम्नलिखित वाक्यांश हेतु सार्थक शब्द की पहचान करें।
जो धन को व्यर्थ ही खर्च करता हो

**Ans**
- ✗ 1. व्यय
- ✓ 2. अपव्ययी
- ✗ 3. खर्च
- ✗ 4. महंगाई

**Q.2** निम्नलिखित वाक्य के किस भाग में त्रुटि है?
इस पुस्तक का अनुवाद देवनागरी भाषा में किया गया है।

**Ans**
- ✗ 1. अनुवाद
- ✗ 2. किया गया है
- ✗ 3. इस पुस्तक का
- ✓ 4. देवनागरी भाषा में

**Q.3** 'अहमद को विज्ञान में ________ अंक मिले हैं।'

वाक्य के रिक्त स्थान के लिए न्यूनतम शब्द का सर्वाधिक उपयुक्त विलोम शब्द चुनिए-

**Ans**
- ✗ 1. श्रेष्टतम
- ✓ 2. अधिकतम
- ✗ 3. उच्चतम
- ✗ 4. सर्वोच्च

**Q.4** अंशुमाली ___________'
उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान का उपयुक्त विकल्प निम्न में से क्या होगा?

**Ans**
- ✓ 1. से अभिप्राय है अंशु का स्वामी
- ✗ 2. से अभिप्राय है अंशु का पुत्र
- ✗ 3. से अभिप्राय है अंशु का मित्र
- ✗ 4. से अभिप्राय है अंशु का माली

**Q.5** निम्नलिखित वाक्यांश के लिए उपयुक्त सार्थक शब्द है:

सेना के रहने की जगह

**Ans**
- ✗ 1. तबेला
- ✗ 2. बड़ा
- ✓ 3. छावनी
- ✗ 4. दरबा

**Q.6** 'भ्रांत' के लिए कौन-सा विलोम सही है?

**Ans**
- ✗ 1. भ्रांतिपूर्ण
- ✗ 2. अभ्रांत
- ✗ 3. संभ्रांत
- ✓ 4. निभ्रांत

**Q.7** 'मेरी नानी मुझे पंचतन्त्र की ________ सुनाया करती थीं।' रिक्त स्थान की पूर्ति तत्सम शब्द द्वारा कीजिए

**Ans**
- ✗ 1. कहनी
- ✓ 2. कथानिका
- ✗ 3. कथनिका
- ✗ 4. कहानी

Adda247

Q.8 निम्नलिखित वाक्य में विशेषण संबंधी त्रुटि की पहचान कर वाक्य शुद्धि करें।
यह सबसे सुंदरतम घड़ी है।

Ans
✓ 1. यह सबसे सुंदर घड़ी है।
✗ 2. यह बहुत सुंदरतम घड़ी है।
✗ 3. यह कितनी सुंदरतम घड़ी है।
✗ 4. यह अत्यंत सुंदरतम घड़ी है।

Q.9 निम्न वाक्य को शुद्ध कीजिए -
अपनी छाच को कोई भी खट्टा नहीं कहता है।

Ans
✗ 1. चाझ
✗ 2. चाछ
✗ 3. छाच
✓ 4. छाछ

Q.10 इस योजना में सहभागिता ऐच्छिक है और राज्य इस योजना को अपनाने या न अपनाने के लिये स्वतंत्र हैं।
'ऐच्छिक' के स्थान पर उचित वाक्यांश होगा -

Ans
✗ 1. दूसरों की इच्छा पर निर्भर
✓ 2. व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर
✗ 3. सरकार की इच्छा पर निर्भर
✗ 4. अपनी इच्छा पर निर्भर नहीं

Q.11 सार्थक शब्द से रिक्त स्थान भरें-
उसके माता-पिता नहीं है वह बिल्कुल_______बालक है।

Ans
✗ 1. बनाथ
✗ 2. धाना
✓ 3. अनाथ
✗ 4. मेढा

Q.12 निम्नलिखित वाक्य को ध्यानपूर्वक पढ़ें और बताएं कि चिन्हित वाक्यांश में किस प्रकार की त्रुटि है?

सभी धारावाहिक देख रहे थे कि तभी सविता आई और कहा कि सविता भी धारावाहिक देखेगी।

Ans
✗ 1. वचन संबंधी अशुद्धि
✓ 2. सर्वनाम संबंधी अशुद्धि
✗ 3. अव्यय
✗ 4. विशेषण

Q.13 'कोयल की कूक मधुर लगती है और शंख -ध्वनि पावन होती है'|
बिना अर्थ में परिवर्तन लाये, दोनों रेखांकित शब्दों को किसी एक शब्द से प्रतिस्थापित किया जा सकता है?

Ans
✗ 1. कुरंग
✗ 2. हंसक
✗ 3. मराल
✓ 4. सारंग

Q.14 'अपने पाँव आप लाठी मारना'|
मुहावरे के लिए रेखांकित शब्द के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा-

Ans
✗ 1. लात
✗ 2. मूसल
✗ 3. चोट
✓ 4. कुल्हाड़ी

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.15 'कृपण' का विलोम शब्द नीचे दिए विकल्पों में से चुनिए-

Ans
1. गमन
2. विक्रय
3. दाता ✔
4. क्रय

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
सामाजिक समानता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए| सबको 1_________ समझा जाए और सबको समान सुविधाएं दी जाए| हमारे देश में सामाजिक 2_________ का अभाव है| जाति-प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप मे रहते हैं| उन्हें समाज से 3_________समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है| हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेदभाव बरता जाता है| माता- पिता भी उन्हें वे सुविधाएं नहीं देते जो वे अपने 4_________को देते हैं| इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारु रूप से नहीं हो पाता है| इससे समाज की उन्नति में 5_________पड़ती है| इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है|

SubQuestion No : 16

Q.16 रिक्त संख्या 1 के स्थान पर उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

Ans
1. विषम
2. असमान
3. मित्रता
4. समान ✔

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
सामाजिक समानता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए| सबको 1_________ समझा जाए और सबको समान सुविधाएं दी जाए| हमारे देश में सामाजिक 2_________ का अभाव है| जाति-प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप मे रहते हैं| उन्हें समाज से 3_________समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है| हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेदभाव बरता जाता है| माता- पिता भी उन्हें वे सुविधाएं नहीं देते जो वे अपने 4_________को देते हैं| इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारु रूप से नहीं हो पाता है| इससे समाज की उन्नति में 5_________पड़ती है| इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है|

SubQuestion No : 17

Q.17 रिक्त संख्या 2 के स्थान पर उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

Ans
1. मित्र
2. असमानता
3. दुश्मनी
4. समानता ✔

Adda247

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
सामाजिक समानता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए| सबको 1_________ समझा जाए और सबको समान सुविधाएं दी जाए| हमारे देश में सामाजिक 2_________ का अभाव है| जाति-प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप मे रहते हैं| उन्हें समाज से 3_________समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है| हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेदभाव बरता जाता है| माता- पिता भी उन्हें वे सुविधाएं नहीं देते जो वे अपने 4_________को देते हैं| इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारु रूप से नहीं हो पाता है| इससे समाज की उन्नति में 5_________पड़ती है| इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है|

SubQuestion No : 18

Q.18 रिक्त संख्या 3 के स्थान पर उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?

Ans
1. बहिष्कृत ✔
2. सम्मानित
3. स्वीकृत
4. अमान्य

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
सामाजिक समानता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए| सबको 1_________ समझा जाए और सबको समान सुविधाएं दी जाए| हमारे देश में सामाजिक 2_________ का अभाव है| जाति-प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप मे रहते हैं| उन्हें समाज से 3_________समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है| हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेदभाव बरता जाता है| माता- पिता भी उन्हें वे सुविधाएं नहीं देते जो वे अपने 4_________को देते हैं| इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारु रूप से नहीं हो पाता है| इससे समाज की उन्नति में 5_________पड़ती है| इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है|

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **रिक्त संख्या 4 के स्थान पर उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?**

**Ans**
✔ 1. लड़कों
✗ 2. बहनों
✗ 3. दोस्तों
✗ 4. बेटियों

**Comprehension:**

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
सामाजिक समानता का अभिप्राय है कि सामाजिक क्षेत्र में जाति, धर्म, व्यवसाय, रंग आदि के आधार पर किसी प्रकार का भेद-भाव न किया जाए| सबको 1_________ समझा जाए और सबको समान सुविधाएं दी जाए| हमारे देश में सामाजिक 2_________ का अभाव है| जाति-प्रथा के कारण करोड़ों व्यक्ति समाज में अछूत के रूप मे रहते हैं| उन्हें समाज से 3_________समझा जाता है और सामाजिक अधिकारों से वंचित कर दिया गया है| हमारे समाज में लड़कियों के साथ भी भेदभाव बरता जाता है| माता- पिता भी उन्हें वे सुविधाएं नहीं देते जो वे अपने 4_________को देते हैं| इस प्रकार की असमानता से बहुत-सी लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुचारु रूप से नहीं हो पाता है| इससे समाज की उन्नति में 5_________पड़ती है| इस प्रकार की असमानता का दूर होना आवश्यक है|

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **रिक्त संख्या 5 के स्थान पर उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?**

**Ans**
✔ 1. बाधा
✗ 2. सुविधा
✗ 3. दिक्कत
✗ 4. समस्या

Adda247